# राजस्थान विश्वविद्यालय,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004
फोन नं. 0141–2708824, 2256670


क्रमांकः परीक्षा.III-A/R.E/2025 दिनांकः

## परीक्षा–2025 के पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना आवेदन–पत्र भरने संबंधी दिशा–निर्देश

राजस्थान विश्वविद्यालय परीक्षा–2025 (सत्र 2024–25 में आयोजित परीक्षायें) के पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना हेतु अध्यादेश संख्या 157–A के प्रावधानो के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन–पत्र निम्नानुसार भरे जायेंगेः–

1. समस्त स्नातक सेमेस्टर (**NEP 2020**) स्नातक (वार्षिक), स्नातकोत्तर तथा व्यावसायिक सेमेस्टर एवं वार्षिक पद्धति आधारित परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना आवेदन–पत्र वेबसाईट **www.univraj.org** पर **Revaluation Portal** तथा **www.erp.univraj.org** के माध्यम से भरे जायेंगे।

2. जिन परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम **RW-Ex/RW-En/RL** के **Remakrs** के साथ प्रदर्शित हो रहा हैं या जो परीक्षार्थी किसी अध्यादेश के माध्यम से परीक्षा में सम्मिलित हुये हैं एवं परीक्षा परिणाम रूका हुआ हैं। ऐसे परीक्षार्थी निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन पोर्टल **www.univraj.org** पर जाकर **Revaluation Portal** पर अपने अनुक्रमांक प्रविष्ट कर अंकों की स्थिति के आधार पर यदि पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना हेतु आवेदन करना चाहते हैं तो वे समस्त इच्छुक परीक्षार्थी भी 15 दिवस की समयावधि में ही पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना हेतु आवेदन कर सकते हैं। इसके पश्चात् पृथक से कोई अवसर नहीं दिया जायेगा।

3. विश्वविद्यालय प्रावधान एवं सिंडीकेट के निर्णयानुसार परीक्षा के 50 प्रतिशत प्रश्न–पत्रों में पुनर्मूल्यांकन **(Revaluation)** करवाया जा सकता हैं। पुनर्मूल्यांकन **(Revaluation)** शुल्क रूपये 470/– प्रति प्रश्न–पत्र निर्धारित हैं।

4. पुनर्गणना **(Scrutiny)** प्रदत्त अकों के योग में त्रुटि अथवा किसी प्रश्न/खण्ड़ के अमूल्यांकित होने पर आधारित होगी। पुनर्गणना **(Scrutiny)** शुल्क रूपये 180/– प्रति प्रश्न–पत्र निर्धारित हैं, जो चालान पर भी अंकित होगा।

5. अन्तिम तिथिः– विश्वविद्यालय द्वारा संबंधित परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से 15 दिवस तक ही पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना हेतु आवेदन कर सकते हैं। इसके पश्चात् संबंधित परीक्षा की वेबसाईट स्वतः बन्द हो जायेगी।

6. आवेदन–पत्र भरने एवं शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया–परीक्षार्थियो को निर्धारित परीक्षा शुल्क **Portal** पर **Online Gateway** माध्यम से जमा कराना होगा। परीक्षा शुल्क एवं आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगीः–

(अ) सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट **www.univraj.org** या **www.erp.univraj.org** पर **visit** कर अपनी कक्षा से सम्बंधित ऑनलाईन पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना आवेदन–पत्र परीक्षा के अनुक्रमांक से भरेंगे।

(ब) पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना की निर्धारित शुल्क **Online Gateway** पर क्रेडिट/डेबिट कार्ड एवं नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा करवा सकते हैं, तत्पश्चात् आवेदन पत्र की दो प्रतियों में प्रिंट प्राप्त कर लें। आवेदन पत्र की दोनो प्रतियां एवं जमा शुल्क की रसीद अपने पास सुरक्षित रखें।

(स) **एक बार शुल्क जमा होने के पश्चात् किसी भी स्थिति में शुल्क वापस नही होगा।**

**नोटः–** सूचित किया जाता हैं कि पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना आवेदन–पत्रो की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा करवाने की आवश्यकता नहीं हैं तथा परीक्षार्थी आवेदन–पत्र की हार्डकॉपी को अपने पास सुरक्षित रखें और विश्वविद्यालय द्वारा मांगने पर प्रस्तुत करें।

–Sd–
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः– परीक्षा– III-A/R.E/2025/186–194 दिनांक 8-7-2025

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत हैं।

1. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि बैक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खाता में करवा दी गई हैं एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconcillation करवाना सुनिश्चित करें।
2. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, रा.वि.वि.,जयपुर को प्रेषित कर लेख हैं कि उक्त दिशा–निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रसारित करने का श्रम करें।
3. जनसंपर्क अधिकारी, रा.वि.वि. जयपुर।
4. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, रा.वि.वि. जयपुर।
5. समस्त उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख हैं कि उक्त दिशा–निर्देश को पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र पोर्टल पर प्रसारित करें।

अनुभागाधिकारी
(पुनर्मूल्यांकन)